तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 26 जून 2024



12 डौंडीलोहारा ब्लाक देवांगन समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों ...



11 डायरिया व अन्य जल जनित बीमारियों ...







छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▸कोपा ▸इलेक्ट्रिशियन
▸हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸डीजल मैकेनिक
▸फायर टेक्नालॉजी
▸स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24


# सरकारी सिस्टम ने मृत घोषित कर दिया, जीवित होने का प्रमाण पत्र लेकर भटक रहा किसान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

जिले के गुरूर ब्लॉक स्थित ग्राम भोथली निवासी एक किसान खिलानंद साहू को सरकारी सिस्टम ने जीते जी मृत घोषित कर दिया। वहीं, जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण बीते लगभग तीन वर्षों से किसान अपने जीवित होने का प्रमाण पत्र लेकर अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है। लेकिन, सिस्टम है कि उसे जीवित मानने को तैयार नहीं है।

- कारण जानने कृषि विभाग पहुंचा किसान, अधिकारी ने बताया हो चुकी है मौत

पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को प्रत्येक तीन महीने में दो हजार रूपये की राशि किसानों के खाते में प्रदान की जाती है, लेकिन किसान खिलानंद साहू को इस योजना का लाभ मिलना अचानक बंद हो गया। इस बात से परेशान किसान अपने कृषि विस्तार अधिकारी के पास पहुंचा, तब उसे पता चला कि उसकी तो मौत हो गई है और इसीलिए उसे पीएम किसान सम्मान निधि योजना की राशि नहीं मिल रही है।

उन्हें बताया गया कि आपको संबंधित विभाग के दस्तावेज में मृत घोषित किया जा चुका है, जिसके बाद किसान ग्राम पंचायत पहुंचा और जीवित होने का प्रमाण पत्र बनवाया और संबंधित कृषि विभाग के समक्ष जमा किया गया, बावजूद इसके किसान के खाते में सम्मान निधि का पैसा नहीं आया। तब परेशान किसान ने जनदर्शन के माध्यम से समस्या के निदान के लिए कलेक्टर से गुहार लगाने पहुंचा।

## अपने आप को जिंदा साबित कर कलेक्टर जनदर्शन पहुंचा खिलानंद

### जीवित प्रमाण पत्र देने के बाद भी नहीं आई राशि

किसान खिलानंद साहू ने जनदर्शन में बताया कि मेरे खाते में किसान सम्मान निधि योजना के तहत पूर्व में पांच किश्त की राशि आई। लेकिन, 2021 से किश्त आना बंद हो गया। वहीं, कृषि विस्तार अधिकारी से मिलने पर उन्होंने सरकारी दस्तावेज में उन्हें मृत घोषित किए जाने की जानकारी दी गई। उसके बाद मैंने ग्राम पंचायत के माध्यम से जीवित प्रमाण पत्र बनाकर कृषि विभाग गुरूर व राजस्व विभाग गुरूर के पास जमा किया। लेकिन, उसके कई महीने बाद भी मेरे खाते में राशि नहीं आई। इसलिए अब जनदर्शन के माध्यम से कलेक्टर से गुहार लगाया हूँ।

- *पीएम किसान सम्मान निधि योजना की राशि नहीं आने पर हुआ खुलासा*



### जांच के बाद की जाएगी कार्रवाई

जनदर्शन में एक किसान का शिकायत प्राप्त हुई है कि उन्हें मृत मानकर उनकी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि रोक दी गई है। मामले में किसकी लापरवाही है, इसकी जांच करवाकर किसान को न्याय दिलाकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। **चंद्रकांत कौशिक, अपर कलेक्टर।**

## खबर संक्षेप

### बाइक समेत खदान में गिरा, युवक की मौत

**भिलाई।** बाइक समेत पत्थर खदान तालाब में गिरे युवक की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि घटना रविवार की रात की है। ग्राम खपरी निवासी भूपेंद्र गोयल कुम्हारी से अपनी बाइक में घर जाने के लिए निकला था। देर रात होने से भूपेन्द्र अपनी बाइक से पत्थर खदान कुम्हारी होते हुए जा रहा था। अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और युवक सीधे खदान के भीतर जा गिरा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुची और शव को बाहर निकाल कर पीएम के लिए भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि खदान लगातार मूरम खुदाई के चलते बड़ा तालाब जैसा बन गया है। रात होने के कारण युवक को सड़क का अंदाजा नहीं हो पाया। जिससे बाइक समेत युवक खदान में जा गिरा।

### मेडिकल स्टोर में चोरी

**भिलाई।** मेडिकल का ताला तोड़कर अज्ञात ने नगदी रकम चोरी कर फरार हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि मकान नं 162 वैशाली नगर निवासी अमर शिवानी की नंदिनी रोड पावर हाउस में श्याम मेडिकल है। 23 जून की रात शॉप को बंद कर अपने घर चला गया। सुबह मेड़िकल खोलने पहुचने पर शटर का ताला मुडा हुआ दिखा। मेड़िकल के भीतर प्रवेश कर देखने पर नगदी काउंटर का लाक टूटा हुआ मिला। काउंटर से अज्ञात ने 79 हजार रुपए गायब मिला। काउंटर में चिल्हर रुपए थे।

### दोपहिया ने टहल रहे युवक को मारी टक्कर मौत

**भिलाई।** सड़क पर टहल रहे युवक को बाइक सवार ने ठोकर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि बेलाही पारा पाटन निवासी गणेश राम पेंडरिया ने शिकायात किया है कि 23 जून की शाम 7.30 बजे खाना खाकर अपने घर के छत पर टहल रहा था। इस दौरान बडा भाई घर के सामने सड़क पर टहल रहा था। तभी बाइक सावर ने लापरवाही पूर्वक वाहन चालते हुए बडे भाई को जोरदार ठोकर मार दी।

## मीसाबंदी परिवारों के सम्मान कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री केदार, बताई आपातकाल की विभीषिका

# कांग्रेस ने मेरे पिता बलीराम को जेल भेजा कहा-खिलाफ जाने वालों का यही हश्र होगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

भाजपा जिला बालोद द्वारा मीसाबंदी परिवार जनों के सम्मान कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप शामिल हुए। 25 जून लोकतंत्र का काला अध्याय आपातकाल में मीसाबंदी परिवार के सदस्यों का सम्मान कार्यक्रम जिला भाजपा कार्यालय में रखा गया।

- भाजपा ने आपातकाल को बताया लोकतंत्र का काला अध्याय

केदार कश्यप ने बालोद मुख्यालय पहुंचकर गंगासागर तालाब उद्यान में पौधारोपण किया। उन्होंने जिले के 11 मीसा बंदी परिवार के सदस्यों को स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपने पिता नेमसिंह साहू को आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी द्वारा अपनी सत्ता को बचाने संविधान में संशोधन कर विद्वेष पूर्वक बनाए जाने की घटना की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान परिवार जनों पर आप बीती एवं मार्मिक बातों को श्यामा देवी साहू ने रखा। मंत्री केदार कश्यप ने अपने संबोधन में बताया कि उनके पिता स्वर्गीय बलिराम कश्यप को जब उस दौरान बंदी बनाया गया, तो उनकी दादी ने बताया। उस क्षण को याद करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता हाट बाजार एवं चौक चौराहा पर जाकर लोगों को कहते थे कि जो कांग्रेस के खिलाफ जाएगा उसका हश्र बलिराम कश्यप की तरह होगा। बस्तर में दहाड़ने वाला जेल में है, जो कांग्रेस की सत्ता के खिलाफ जाते थे उन्हें रोका जाता था। इंदिरा गांधी ने अपनी सरकार बचाने के लिए संविधान में संशोधन कर सत्ता के विरोध में उठने वाले लोकतंत्र के स्वतंत्र स्तंभ पत्रकार को भी जेल भेजा। भाजपा के जनाधार से घबराई कांग्रेस अपनी सत्ता के लिए हमेशा भ्रम फैलाती है।

### मीसाबंदियों के परिजन हुए शामिल

इस अवसर पर मीसाबंदी परिवार से श्यामा देवी साहू, कमला देवी साहू, पुष्पेंद्र धनु जैन, राकेश खत्री, विवेक चांदन, स्वरूप राठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रीतम साहू, देवलाल ठाकुर, यज्ञदत्त शर्मा, राकेश यादव, अभिषेक शुक्ला, राकेश छोटू यादव, देवेंद्र जायसवाल, नरेश यदु, किशोरी साहू, त्रिलोकी साहू, ठाकुर रामचंद्राकार, नरेश साहू, अमित चोपड़ा, कृतिका साहू, पुष्पेंद्र चंद्राकर, मोहन जैन, लोकेश श्रीवास्तव, कमल पनपालिया, मीना सत्येन्द्र साहू, प्रतिभा चौधरी, सुरेश निर्मलकर, प्रेम साहू, कौशल साहू, दुष्यंत सोनवानी, टिनेश्वर बघेल, ईशा प्रकाश साहू, नंदकिशोर शर्मा, विनोद कौशिक, दुर्जन साहू, रौनक कत्याल, प्रतिमा यादव, प्राची विक्रम लालवानी, संजीव मानकर, सहित अनेक लोग उपस्थित थे।







### कानून की धज्जियां उड़ाने वाले चला रहे संविधान बचाओ अभियान

मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि ये वही लोग हैं, जिन्होंने बाबा साहब को चुनाव में हराने के लिए प्रत्याशी खड़ा किया। इनको जीतने से रोका, इनको तो बाबा साहब की प्रतिमा पर कुश तक चढ़ने का अधिकार नहीं है और यह वर्तमान में संविधान बचाओ अभियान चला रहे हैं। उनके विरोध में गाना गाने पर किशोर कुमार के गानों पर भी बैन लगा दिया गया था। 60 लाख लोगों की जबरदस्ती नसबंदी करवा दी गई। इनकी मानसिकता आज भी वैसी ही है। आज भी कांग्रेस के नेता अपने किए इतिहास पर शर्मिंदा नहीं हैं। श्री कश्यप ने कहा कि उनकी सरकार आती है, तो यह अपने लोगों के हित की बात करते हैं। जबकि भारतीय जनता पार्टी सबके विकास और सबके हित की बात करती है। मंत्री कश्यप ने कहा कि आपातकाल लोकतंत्र का वह काला अध्याय है, जिसकी पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। लोकतंत्र की रक्षा के लिए आने वाली पीढियां तक देश में इक्कीस महीने तक तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा दमनकारी नीति अपनाते हुए आपातकाल लगाया गया था। अपने घटते जनाधार एवं छूटती सत्ता और जन आंदोलन से घबराकर देश के लाखों परिवारों को अंधकार में धकेल दिया।

## समता कालोनी में बिजली खंभा लगवाने की मांग लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे नागरिक



**बालोद।** नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत कुंदरू पारा में स्थित समता कॉलोनी में विद्युत कनेक्शन के लिए कॉलोनीवासियों ने मंगलवार को जनदर्शन में लिखित आवेदन सौंपकर बिजली पोल लगाने की मांग की है। कॉलोनीवासियों ने बताया कि खाली जगह पर जो व्यक्ति प्लाट काट कर बेच रहे थे, उन्होंने कहा था कि इस कॉलोनी में नाली निर्माण से लेकर विद्युत आपूर्ति के लिए पोल लगाकर तथा अन्य सारी मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी, लेकिन आज तक कोई भी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिली हैं। कॉलोनीवासियों ने बताया कि नगर पालिका से लेकर कलेक्टोरेट जनदर्शन में इससे पहले भी आवेदन पत्र दे चुके हैं, लेकिन मांग पूरी नहीं हुई है।

समता कॉलोनीवासियों ने बताया कि कॉलोनी बसे 4 वर्ष बीत चुका है। कॉलोनी में 10 मकान ऐसे हैं जो प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए गए हैं तथा समस्त कॉलोनी निवासी को अस्थाई बिजली कनेक्शन से विद्युत की आपूर्ति की जा रही है, आज पर्यन्त तक पक्के कनेक्शन के लिए संबंधित अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे बारिश के दिनों में विद्युत आपूर्ति नहीं होने से समस्त कॉलोनी निवासियों को इस परेशानी से जुझना पड़ रहा है। समस्त कॉलोनी में रहने वाले दर्जन भर से अधिक महिलाओं ने मंगलवार को कलेक्टोरेट जनदर्शन में पहुंचकर अधिकारियों को समस्याओं से अवगत कराया और पक्की विद्युत आपूर्ति करने की मांग की।

## ग्रामीण क्षेत्रों में झमाझम बारिश, शहर में बिना बरसे गुजर गए बादल...



**बालोद।** मंगलवार को सुबह से दोपहर तक तेज धूप के बाद ग्राम झलमला, पाकुरभाट, जगतरा सहित आस पास के अन्य गांवों में झमाझम बारिश हुई, लेकिन जिला मुख्यालय में बूंदाबांदी तक ही सीमित रहा। हालांकि घने बादल छाए रहे, बारिश की उम्मीद नजर आई, लेकिन शहरवासी जिस प्रकार से झमाझम बारिश की आस लगाए थे, उन उम्मीदों पर पानी फिर गया। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक आज यानी 26 जून को जिले में अच्छी बारिश होने की संभावना है।

# लोगों को दी जा रही 3 नए कानूनों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार बालोद जिला प्रशासन द्वारा जिले के आम नागरिकों को 01 जुलाई से देश में लागू हो रहे तीन महत्वपूर्ण कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में विभिन्न माध्यमों से निरंतर जानकारी दी जा रही है, ताकि जिले के आम नागरिकों को तीनों नए कानूनों के संबंध में भली–भाँति जानकारी हो सके।

- विभिन्न माध्यमों से दी जा रही लोगों को जानकारी

इसके अंतर्गत जिला मुख्यालय के अलावा जिले के सभी थाने आदि निर्धारित स्थानों में बैनर पोस्टर, पाम्प्लेट, रैली, जागरूकता अभियान तथा कार्यशाला आयोजित कर इन तीनों नवीन कानूनों का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के जनप्रतिनिधियों, अधिकारी–कर्मचारियों, मीडिया प्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं एवं व्यापारियों सहित समाज के सभी वर्ग के लोगों को नए कानूनों के संबंध में जानकारी प्रदान करने के लिए अलग–अलग तिथियों में कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

### जिला पंचायत में कार्यशाला आज

इसके अंतर्गत बुधवार 26 जून को जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से 01.30 बजे तक जनप्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधियों, अधिवक्ता एवं व्यापारी संघ के सदस्यों को इस नए कानूनों के संबंध में जानकारी प्रदान करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला में जिले के विधायक, पूर्व विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षदगण उपस्थित रहेंगे। इसी तरह 29 जून को जिले के सभी जनपद पंचायतों के सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से 01.30 बजे तक कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

इस कार्यशाला में सभी विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों के अलावा जनपद पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों सहित सरपंच एवं पंचगण उपस्थित रहेंगे। इसी तरह 01 जुलाई को दोपहर 12 बजे से 01.30 बजे तक जिले के सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के सभाकक्ष, टाउन हॉल एवं सामुदायिक भवनों में कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला में संबंधित नगरीय निकायों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों के अलावा नगरीय निकायों के अधिकारी–कर्मचारी एवं प्रतिनिधिगण उपस्थित रहेंगे।

### युवक पर प्राणघातक हमला, अपराध दर्ज

**भिलाई।** युवक पर प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 307 के तहत कार्रवाई किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि कृष्णानगर अम्बेडकर चौक निवासी प्रवीण गायकवाड पर गणेश चौक के पास प्राण घातक हमला करने की सूचना पेट्रोलिंग टीम को मिली थी। मौके पर पहुची पुलिस ने घायल को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल पहुचाया। पीड़ित ने बताया कि लोकेश सोनी नामक युवक ने गाली गलौज कर धारदार चाकू से हमला कर फारर हो गया।


पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100


## नोटिस के बाद भी दुकान खाली नहीं करने पर की जाएगी कार्रवाई

# अवैध व्यवसाइयों को दुकान खाली कराने अंतिम नोटिस देगी जनपद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

जनपद पंचायत डौंडीलोहारा में सोमवार को साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद पंचायत के व्यावसायिक परिसर की दुकानों की नीलामी के संबंध में चर्चा की गई। चर्चा के बाद निर्णय लिया गया कि बगैर अनुमति के व्यावसायिक परिसर में प्रवेश किए गए व्यवसाईयों को नोटिस जारी कर दुकान खाली करने की कार्रवाई की गई थी। प्रशासनिक कार्रवाई के कारण अवैध व्यवसाइयों ने दुकान खाली कर दिया है। लेकिन, 3 व्यवसाईयों ने अभी भी अपनी दुकान खाली नहीं की है। अंतिम नोटिस जारी होने के बावजूद दुकान खाली नहीं करने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, आगामी माह में व्यावसायिक परिसर की नीलामी करने का निर्णय लिया गया। नीलामी प्रक्रिया की आवश्यक कार्रवाई के लिए साधारण सभा की बैठक में ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित किया गया। समीक्षा के दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष जागृत सोनकर ने सम्बन्धित अधिकारी-कर्मचारियों से बारी बारी से जानकारी पटल में रखने कहा। उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने अपनी जानकारी प्रस्तुत की। सीईओ रोशनी भगत टोप्पो ने सभी कार्यों की समीक्षा के पूर्व बैठक के एजेंडों को

▸▸ शेष पेज 11 पर

- जनपद पंचायत की साधारण सभा सदस्यों ने लिया निर्णय



### अनुपस्थित अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव

इसके साथ ही बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई करने कलेक्टर जिला बालोद को प्रस्तावित किया गया है। उक्त बैठक की एजेंडा में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, मत्स्य विभाग जलाशय आवंटन के संबंध में, उद्यान विभाग, भूमि संरक्षण विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल ग्रहण मिशन, वन विभाग, सिंचाई विभाग, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत 15 वें वित्त के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व थाना में शौचालय निर्माण के संबंध में, व्यवसायिक परिसर के संबंध में चर्चा विषय पर बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष जागृत सोनकर ने सख्त लहजे में कहा है कि महत्वपूर्ण बैठक में बिना पूर्व सूचना के सम्बन्धित अधिकारियों की अनुपस्थिति अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।




# रिकार्ड में 52 हजार मीट्रिक टन धान सोसाइटियों में, जांच में मिला तीन हजार, होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में पिछले खरीफ सीजन में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान 149 लाख मीट्रिक में से करीब 52 हजार मीट्रिक टन धान सोसाइटियों में जमा है। यह तथ्य खाद्य विभाग की वेबसाइट का रिकार्ड बता रहा है, लेकिन सोसाइटियों की जांच करने के बाद ये बात सामने आ रही है कि सोसाइटियों में केवल तीन हजार मीट्रिक टन धान बचा है। बड़ा सवाल ये है कि यह धान कहां गया? इस संबंध में मार्कफेड के एमडी रमेश शर्मा ने कहा है कि सोसाइटियों से पूछा जाएगा कि ये धान कहां गया। आंकड़ों का मिलान कर पूरी जांच की जाएगी। राज्य सरकार ने खरीफ सीजन 2023-24 में नवंबर 2023 से 4 फरवरी के बीच प्रदेश के सभी जिलों में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की थी। पूरे सीजन में 149 लाख मीट्रिक टन धान की रिकार्ड खरीदी की गई थी। धान खरीदी के साथ ही मिलरों को कस्टम मिलिंग के लिए सोसाइटियों से धान दिया जा रहा था, लेकिन इसके बाद 24 जून की स्थिति में रिकार्ड के मुताबिक सोसाइटियों (उपार्जन केंद्रो) में बाकी धान की मात्रा 52 हजार 402 मीट्रिक टन दिख रही है। मोटे तौर पर देखा जाए तो ये दिखता है कि सोसाइटियों से धान का उठाव (परिवहन) नहीं हो सका है।

अलग खबर

## 25 जिलों की सोसाइटियों में बाकी था धान, कहां गया, होगी पूछताछ

### सोसाइटियों में बचा है मात्र 3 हजार टन

सोसाइटियों में जब बाकी बचे धान की मात्रा की जांच की गई तो पाया गया कि मात्र 3 हजार मीट्रिक टन धान ही बाकी है। इस बात पुष्टि मार्कफेड के एमडी रमेश शर्मा ने की है। उन्होंने कहा है कि सोसाइटियों से पूछा जाएगा कि उनके पास से धान कहां गया, ये धान सूखत के कारण वजन कम होने से कम हो गया या कोई और कारण हैं। उन्होंने कहा कि जो बाकी बचा धान है, उसे तीन दिनों में उठा लिया जाएगा। इसके बाद डाटा मिलान करेंगे। सोसाइटियों से जानकारी लेंगे।



### इन जिलों में बाकी दिख रहा है धान

सरकारी वेबसाईट के रिकार्ड के मुताबिक इन जिलों की सोसाइटियों (धान उपार्जन केंद्रो) में धान की बची मात्रा दिख रही है। इनमें बस्तर, बीजापुर,कांकेर, कोंडागांव, सुकमा, बिलासपुर, मुंगेली, रायगढ़, सक्ती, सारंगढ़, बिलाईगढ़, बालोद, बेमेतरा, कर्वधा, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-चौकी, बलौदाबाजार, धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद, बलरामपुर, जशपुर, कोरिया, सरगुजा, शामिल है। हालांकि कई जिलों में धान का पूरा उठाव होने के बाद वहां बाकी धान की मात्रा शून्य दिख रही है।

## खबर संक्षेप



### नगरीय निकायों पर बकाया बिजली बिल 789 करोड़

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों का बिजली बिल 789.15 करोड़ रुपए बकाया है। यह बिल मार्च की स्थिति में है। अब ऊर्जा विभाग ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से यह बिल अदा करने के लिए कहा है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी संयुक्त संचालकों से कहा है कि वे मार्च 2024 की स्थिति में निकायवार बकाया बिल एवं पेनाल्टी की राशि की जानकारी भिजवाएं, ताकि बिल अदा करने के लिए के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा सके। भारत सरकार द्वारा लागू की गई आरडीएएस योजना के दिशा निर्देशों के तहत शासकीय विभागों को मार्च 2022 की स्थिति में बकाया बिजली बिलों का भुगतान तीन किस्तों में तथा चालू वित्तीय वर्ष का भुगतान उसी साल में किए जाने की अनिवार्यता है। ऊर्जा विभाग ने अब बकाया राशि का भुगतान करने कहा है।

### यादव महासंघ ने मनाया विश्व संगीत दिवस



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ द्वारा सामाजिक भवन में रविवार को विश्व संगीत दिवस मनाया गया। इस दौरान संगीत के सुधिजन कलाकारों ने संगीत सरिता में डुबकी लगाई और श्रोता अंजलि भर-भरकर गीत गंगा का रसपान करते रहे। श्रोताओं की खूब वाहवाही और ताली बटोरी। इस मौके पर महासंघ के महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया कि इस वर्ष का विश्व संगीत दिवस, दिवंगत रमजान सज्जाद (रफी फेम) को बतौर श्रद्धांजलि समर्पित किया गया। ज्ञात हो कि रमजान भाई रायपुर संगीत समिति और गुलशन कुमार के टी-सिरीज एलबम से बरसों तक जुड़े रहे तथा दो दिन पूर्व 22 जून को ही उनका इंतकाल हुआ है। कार्यक्रम में उभरते सात गायक कलाकार अजय यादव, लक्ष्मण यादव, सुजीत सिंह, राजेश यादव, रविंद्र सिंह रवि, हेमंत यादव एवं वीरेंद्र यादव आदि शामिल थे।

### संत कबीर प्रकटोत्सव निकाली कलश यात्रा



**रायपुर।** मानिकपुरी समाज की कबीर सिंहासन धाम समिति द्वारा संत कबीर प्रकटोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिवार भवन सिद्धार्थ चौक टिकरापारा से कबीर सिंहासन धाम भाग-1 बोरियाखुर्द तक धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। इसके बाद काठाडीह सिंहासन धाम में भजन गायन, कबीर वंदन, चौका आरती का कार्यक्रम और भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में महंत बुधारी दास तथा महंत वल्लभदास द्वारा कबीर साहेब के विचार तथा उनके लीलाओं का व्याख्यान किया गया। बोरियाखुर्द कबीरपंथ विकास समिति के सचिव ने बताया कि कार्यक्रम में राजेश हिवार, कमला हिवार, सावित्री हिवार के अलावा सदस्य प्रकाश, कुलदीप, मंजू और विकासराज, प्रीति दास, भूपेश दास, आशा दास आदि शामिल थे।

### दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण की बैठक

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण की शासी निकाय की बैठक सोमवार को मंत्रालय महानदी भवन में महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव तथा दत्तक ग्रहण अभिकरण की शासी निकाय की अध्यक्ष शम्मी आबिदी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वर्ष 2023-24 तथा 2024-25 में दत्तक ग्रहण प्रकरणों की समीक्षा की गई।

## एमआईसी बैठक में परिसीमन पर चर्चा

# महापौर ढेबर ने कहा- मापदंड के अनुसार होगा तो समर्थन देंगे, नहीं तो जाएंगे कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मेयर इन काउंसिल की बैठक में मंगलवार को निगम क्षेत्र में प्रस्तावित वार्डों के परिसीमन पर चर्चा हुई। इसमें एमआईसी सदस्यों ने कहा कि परिसीमन मापदंड के अनुसार होगा, तो इसे समर्थन देंगे, नहीं तो इसका विरोध करेंगे। महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि वर्ष 2019 में 2011 की जनसंख्या के आधार पर वार्डों का परिसीमन हुआ था। इस बार भी इसी आधार पर परिसीमन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर सही मापदंड से परिसीमन किया जाएगा, तो एमआईसी भी इसका समर्थन करेगी, लेकिन अगर मापदंड से नहीं हुआ, तो इसके विरोध में कोर्ट भी जाएंगे।

निगम मुख्यालय में मंगलवार को महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में एमआईसी की बैठक हुई। इस बैठक में 5 एजेंडे लाए गए थे, जिन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके अलावा बैठक में नगरीय निकाय चुनाव से पहले निगम क्षेत्र के वार्डों में होने वाले परिसीमन को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में एमआईसी सदस्यों के बीच सहमति बनी कि परिसीमन को इसी शर्त पर समर्थन देंगे कि सभी वार्डों की जनसंख्या में ज्यादा अंतर न हो। यानी अगर एक वार्ड की जनसंख्या 14 हजार है, तो दूसरे वार्ड की जनसंख्या भी उसके जितनी या उसके करीब हो। यानी वार्डों की जनसंख्या का डिफरेंस 5 प्रतिशत से ज्यादा नहीं होना चाहिए। महापौर ने परिसीमन को लेकर मापदंड सार्वजनिक नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि परिसीमन किन मापदंडों के अनुसार कराया गया है इसकी जानकारी किसी भी पार्षद को नहीं है। ऐसे में अगर परिसीमन में मापदंड का पालन नहीं किया गया, तो इसके विरोध में हम कोर्ट भी जाएंगे। एमआईसी सदस्य सुरेश चन्नावार ने कहा कि परिसीमन को लेकर हमारा कोई विरोध नहीं है। परिसीमन नियम के अनुसार होना चाहिए। ज्ञानेश शर्मा ने भी कहा कि परिसीमन होना चाहिए यह वार्ड की जनता के हित में है। परिसीमन मापदंड के अनुसार होना चाहिए।



### पूर्व परिसीमन में कुछ त्रुटियां हुई हैं, जनता के हित में सुधारा जाना जरूरी

इधर नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे का इस मामले में कहना है कि पूर्व में हुए परिसीमन के दौरान किसी-किसी वार्ड की सीमा को लेकर त्रुटियां हुई हैं। इसके कारण उन वार्डों में विकास कार्य कराने में पार्षदों को भी कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके कारण उस वार्ड की जनता को परेशानी होती है। नए सिरे से परिसीमन होने से पूर्व में हुई त्रुटियां खत्म हो जाएंगी। इससे पार्षद भी अपने-अपने वार्ड में विकास कार्य करा पाएंगे, जिससे जनता की समस्या दूर होगी। उन्होंने कहा कि कोई भी पार्षद चुनाव में हमेशा जीते ऐसा मुमकिन नहीं है, क्योंकि इसका फैसला जनता करती है। परिसीमन जनता के हित व भविष्य को देखते हुए किया जाता है, इसलिए इसका विरोध करना गलत होगा।

### इन एजेंडों पर लगी मुहर

- एमआईसी में निगम वित्त विभाग का प्रस्ताव लाया गया, जिसमें 11 अधिकारियों एवं कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति व्यय राशि के रूप में 7 लाख 88 हजार 706 रुपये भुगतान करने की स्वीकृति दी गई।
- जोन-10 क्षेत्र के रानी दुर्गावती वार्ड नंबर 50 के अंतर्गत राम मंदिर के पास नाला निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 98 लाख 76 हजार रुपए प्रस्ताव को मिली मंजूरी।
- एमआईसी में वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक मुक्तानंद चंद्राकर के संविदा नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव लाया गया था। वे 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। निगम सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से लाए गए प्रस्ताव पर एमआईसी ने मुहर लगाई है। हालांकि इस प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी के लिए शासन को भेजा जाएगा।
- एमआईसी में कांजी हॉउस स्थित भूतल दुकान क्रमांक 6 के लीज नवीनीकरण प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। जोन 4 राजस्व विभाग की ओर से प्रस्ताव लाया गया था।

## आश्वासन के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ की हड़ताल स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

योग दिवस से प्रारंभ हुई सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की हड़ताल चौथे दिन स्थगित कर दी गई है। टीम बनाकर उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया है, जिसके बाद उन्होंने काम पर लौटने का फैसला लिया है। सीएचओ द्वारा लंबित मानदेय और सही तिथि पर भुगतान सहित तीन सूत्रीय मांगों को लेकर 21 जून से हड़ताल पर थे। जिला मुख्यालय स्तर पर उनके द्वारा धरना प्रदर्शन के माध्यम से अपना विरोध जताया जा रहा था। सीएचओ की इस हड़ताल को प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा भी समर्थन दिया गया था। सोमवार को उनकी मांगों पर एनएचएम के अधिकारियों से चर्चा हुई और उन्होंने हड़ताल स्थगित करने की घोषणा कर दी। सीएचओ संगठन के संयोजक प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि अधिकारियों ने कहा है कि कार्य आधारित मानदेय समस्त जिला में स्थानांतरित कर दिया गया है, जिसके समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का माह 2024 तक पूर्ण भुगतान किया जायेगा।

## सिंधी समाज के मिट्री माइट्री डॉट कॉम का शुभारंभ आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा सिंधी समाज में युवक-युवतियों के रिश्ते में आ रही परेशानियों को देखते हुए समाज की सुविधा के लिए मिट्री माइट्री डॉट कॉम पोर्टल का शुभारंभ 26 जून को किया जाएगा। यह शुभारंभ शदाणी दरबार के संत डॉ. युधिष्ठिर लाल करेंगे। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष महेश दरयानी और सुभाष बजाज ने बताया कि इस आयोजन के अलावा छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की बहुप्रतीक्षित कार्यकारिणी की घोषणा भी 26 जून को संतों की उपस्थिति में की जाएगी। इसी दौरान संयोजक बलराम आहूजा व तनेश आहूजा ने बताया कि समाज में विगत कई वर्षों से युवक-युवतियों के रिश्ते में अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और यह समस्या लगभग पूरे भारतवर्ष में सिंधी समाज के युवक-युवतियों के लिए निरंतर महसूस की जा रही है। इन सभी समस्याओं के निराकरण के लिए तथा रिश्ते सुचारू रूप से तय हों।

## समाज में शांति के साथ विकास के लिए कृत-संकल्पित है छत्तीसगढ़ सरकार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार हर समाज में शांति एवं सद्भावना बनाए रखने के साथ विकास के लिए कृत-संकल्पित है। सरकार के इस कार्य को अंजाम देने में शांति और अहिंसा के मार्ग पर चलने वाले सतनामी समाज का भी पूर्ण सहयोग है। ये बातें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में राजागुरु धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब के नेतृत्व में आए सतनामी समाज के प्रतिनिधिमंडल से चर्चा के दौरान कही। इस अवसर पर आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब सहित प्रदेशभर से आए सतनामी समाज के राजमहंत भी उपस्थित थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि हाल ही में बलौदाबाजार जिले की घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इसमें दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने समाज के लोगों को भरोसा दिलाया कि शासन-प्रशासन द्वारा की जाने वाली कार्रवाई पूर्णतः न्यायसंगत होगी। इस अवसर पर सतनामी समाज से राजमाता गुरुमाता प्रवीण माताजी, गुरु सोमेश बाबा, गुरु सौरभ साहेब सहित राजमहंत जैत कुमार सतनामी, राजमहंत अनूप सतनामी, राजमहंत कामता प्रसाद, राजमहंत कुंजन सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## अब तक जारी नहीं हुई विस सत्र की अधिसूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र की अधिसूचना अब तक जारी नहीं पाई है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मानसून सत्र को लेकर प्रस्ताव संसदीय कार्य विभाग को भेजा था। प्रस्ताव पर अब तक स्वीकृति नहीं मिलने के कारण विधानसभा सत्र की अधिसूचना जारी नहीं हो पाई है।



13 जून को विधानसभा अध्यक्ष ने इस संबंध में मीडिया से कहा था 22 जुलाई से मानसून सत्र आहूत किया जाएगा। सत्र के लिए अधिसूचना एक माह पूर्व जारी की जाती है। अधिसूचना जारी नहीं होने को लेकर कहा जा रहा है कि कहीं तारीखों में परिवर्तन तो नहीं हो रहा। नियमानुसार विधानसभा सत्र की अधिसूचना जारी होने के बाद लगभग 20 दिन सवाल लगाने के लिए सदस्यों को समय दिया जाता है। विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा ने बताया कि अभी तक सचिवालय को कोई सूचना नहीं मिली है। सूचना मिलने के बाद अधिसूचना जारी होने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू होगी। भाजपा सरकार के शपथ लेने के बाद अब तक दो सत्र हो चुका है। मार्च में बजट सत्र के बाद मानसून सत्र की तैयारी है। राज्य सरकार के छह माह का कार्यकाल पूरा होने के बाद सरकार के कामकाज और अब तक हुई घटनाओं को लेकर विपक्ष पूरी नजर बनाए हुए है। आने वाले दिनों में अधिसूचना जारी होने के बाद विधायक अपने सवाल लगाने शुरू करेंगे।

# सुशासन एवं अभिसरण विभाग में मर्ज होगा नवाचार आयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य सरकार नवाचार आयोग को नए विभाग सुशासन एवं अभिसरण विभाग में मर्ज करने जा रही है। वित्त विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है, जहां से मंजूरी मिलते ही आयोग को बंद कर दिया जाएगा। कांग्रेस सरकार ने फरवरी में इसके गठन की अधिसूचना जारी की थी। कांग्रेस सरकार के बदलते ही जनवरी में विवेक ढांड ने इस्तीफा दे दिया था, इसके बाद से आयोग में काम ठप हो गया था। सचिव आरके सिंह का कार्यकाल भी 21 जून को खत्म हो गया है।

नवाचार आयोग के लिए कांग्रेस सरकार के समय अलग से बजट जारी किया गया था। बजट में राज्य नवाचार आयोग के लिए 1.25 करोड़ रुपये बजट प्रावधान किया गया था। आदिम जाति कल्याण आयोग परिसर में



इसका कार्यालय था। अध्यक्ष और सचिव के कमरे को तैयार करने लाखों रुपये खर्च हुए थे। मार्च 2024 तक 90 लाख 19 हजार रुपये खर्च हुए हैं। 2024-25 में भी आयोग को 1.25 करोड़ के बजट का आवंटन हुआ था। आयोग बनने के बाद इसकी कई बैठकें हुईं। आयोग ने सात सुझाव सरकार को भेजे थे। इनमें आयोग ने खुद को भी बंद करने का सुझाव भी दिया था। राज्य शासन ने नवाचार को नए विभाग सुशासन और अभिसरण में शामिल करते हुए जनकल्याणकारी नीतियों के सफल क्रियान्वयन, संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग के लिए और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पृथक रूप से सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन मार्च में किया।

### सुशासन एवं अभिसरण विभाग का कार्य

भाजपा सरकार ने नए विभाग के रूप छत्तीसगढ़ सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन किया है। विभाग में प्रशासन के सभी स्तरों पर डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देते हुए इसके माध्यम से पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। विभाग नये विचारों एवं क्रिया विधि के संबंध में शोध और प्रशासनिक सुधार के कार्य भी करेगा। विभाग से सुशासन फेलोशिप और मुख्यमंत्री लोक प्रशासन में उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदाय किया जाएगा। विभाग के अंतर्गत नीति विश्लेषण शिक्षण संस्थान और छत्तीसगढ़ राज्य नवाचार आयोग को इसमें रखा गया है।

# भाजपा सरकार में 10 साल से अघोषित आपातकाल चल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

> ■ संविधान खतरे में है, इसे बदलने की बात कही जा रही : बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, आपातकाल का विरोध करने वाली भाजपा की सरकार ने 10 साल से देश में अघोषित आपातकाल लगा रखा है। संविधान खतरे में है, इसे बदलने की बात कही जा रही है। संवैधानिक संस्थाएं स्वतंत्र होकर काम नहीं कर पा रही हैं। लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है, आम जनता पर टैक्स लादा जा रहा है। बढ़ती महंगाई बेरोजगारी से हर वर्ग हताश और परेशान है।



उन्होंने कहा, जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है। व्यापारी वर्ग डरा हुआ है, देश की संपत्तियां बिक रही हैं, यह असल मायने में आपातकाल है। 10 साल से देश में आपातकाल का दो कालखण्ड चल रहा था। अब तीसरा कालखण्ड शुरू हुआ है। आपातकाल का विरोध करने वाले संघ, भाजपा एवं अन्य दल के नेता अब खुद अपनी सरकार में खुलकर बोलने से डर रहे हैं। जो लोकतंत्र के सेनानी खुद को बताते थे, वह छिपे हुए बैठे हैं, सिर्फ पेंशन लेने के लिए सामने आते हैं। देश में लोकतंत्र के अधिकारों का उपयोग करने से रोका जाता है, किसान नौजवान आंदोलन करें, तो उन्हें देशद्रोही ठहराया जाता है। विपक्ष को डराया धमकाया जाता है। सदन से लेकर सड़क तक जनता के सवाल उठाने वालों की आवाज को दबाने सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग किया जाता है। देश के संवैधानिक इतिहास में जितने अलोकतांत्रिक फैसले मोदी राज में हुए, उतने आज तक कभी नहीं हुए। असलियत यही है कि भाजपा और आरएसएस का मूल चरित्र ही लोकतंत्र विरोधी है।

## हर प्लांट में 15 दिनों से ज्यादा का स्टॉक, बारिश में नहीं होगी परेशानी

# मड़वा पॉवर प्लांट में भी इस बार मानसून के लिए भरपूर कोयला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मानसून में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के प्लांट में मड़वा में आमतौर पर कोयले के स्टॉक को लेकर परेशानी होती थी, लेकिन इस बार मानसून के लिए मड़वा में 3.30 लाख टन कोयले का स्टॉक है। यह स्टॉक 20 दिनों से ज्यादा का है। इसी के साथ कोरबा वेस्ट और श्यामाप्रसाद मुखर्जी तापगृह में भी 15-15 दिनों से ज्यादा का स्टॉक है। मानसून में अगर भारी बारिश के कारण कोयले की आपूर्ति बाधित होती है तो भी बिजली उत्पादन में परेशानी नहीं होगी। मानसून



के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर उत्पादन कंपनी हमेशा से ही पहले से कोयले का स्टॉक करने का काम करती है। नियम से कम से कम 15 दिनों का स्टॉक रहना चाहिए। अब तक मानसून से पहले कंपनी सभी प्लांट में 15 दिनों से ज्यादा का स्टॉक करती है, लेकिन मड़वा में स्थान की कमी के चलते ऐसा नहीं हो पाता था। ऐसे में मड़वा में करीब एक सप्ताह के आसपास का ही स्टॉक रहता था। मानसून में भारी बारिश होने पर मड़वा के प्लांट के प्रभावित होने का हमेशा खतरा रहता था। इसके लिए लगातार तैयारी की जा रही थी। अब वहां पर पर्याप्त स्टाक रखने का स्थान होने के कारण इस बार सबसे ज्यादा कोयले का स्टॉक मड़वा में है। इस प्लांट में 500 मेगावाट के दो यूनिट है। इन में रोज 16 हजार टन कोयला लगता है। ऐसे में इस समय इस प्लांट में 3.30 लाख टन कोयले का स्टॉक है।

### दूसरे प्लांटों में भी परेशानी नहीं

छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन कंपनी के कोरबा वेस्ट के प्लांट में जहां कन्वेयर बेल्ट से 14 किलोमीटर दूर से कोयला आता है, वहीं श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्लांट के लिए कोयला ट्रेन से आता है। कोरबा वेस्ट में 210 मेगावाट के चार और एक पांच सौ मेगावाट का प्लांट है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप गृह में 250 मेगावाट के दो प्लांट हैं। इन दोनों में भी 15 दिनों से ज्यादा का स्टॉक है। इनमें स्टॉक रखने का पर्याप्त स्थान होने के कारण कभी परेशानी नहीं होती।

### पर्याप्त स्टॉक

मानसून के लिए सभी प्लांट में पर्याप्त कोयले का स्टॉक है। आमतौर पर मड़वा को लेकर परेशानी होती थी, लेकिन यहां पर 20 दिनों का स्टॉक है।

\- संजीव कुमार कटियार
एमडी, उत्पादन कंपनी

**खबर संक्षेप**

### नपं को हस्तांतरित की जाए शहर में स्थित वन विभाग की भूमि

**बालोद।** पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बालोद राकेश यादव ने जिला प्रवास पर



आए वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन विभाग मंत्री केदार कश्यप से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने वन विभाग की भूमि को नगर पालिका को हस्तांतरित करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में राकेश यादव ने मांग की है कि जिला मुख्यालय बालोद के हृदय स्थल में वन परिक्षेत्र अधिकारी, परिक्षेत्र बालोद का कार्यालय स्थित है, ज्ञात हो कि वन परिक्षेत्र अधिकारी का नया कार्यालय काष्ठागार डिपो में चला गया है, जिसके चलते एक दो सरकारी आवास के अलावा उक्त भूमि रिक्त है, अतः उक्त भूमि को नगर पालिका परिशद् बालोद को हस्तांतरित किया जाए। राकेश यादव ने कहा कि शहर के हृदय स्थल पर होने से उक्त भूमि पर शासन के योजना अंतर्गत पालिका बाजार एवं छोटे फुटकर व्यापारियों के लिए व्यवसायिक परिसर का निर्माण नगर पालिका के माध्यम से कराकर व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ाया जा सकता है, जिसका लाभ जिला मुख्यालय की जनता को मिलेगा। इसलिए वन परिक्षेत्र अधिकारी परिक्षेत्र बालोद की भूमि को जनहित के दृष्टिकोण से नगर पालिका बालोद को हस्तांतरित की जाए।

### भिलाई-3 में चोरी, तीन लाख का सामान पार

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि संतोष कुमार सेनापति रायपुर विकास प्राधिकरण में प्रायवेट नौकरी करता है। मकान में ताला जड़कर परिवार समेत 23 जून को चाचा लिंगाराजू की सड़क हादसे में चोट आने से उपचार के लिए रायपुर लेकर गए थे। दूसरे दिन सुबह घर पहुचने पर मकान से अज्ञात ने आलमारी से 70 हजार रूपये नगद, सोना चांदी के जेवरात को पार कर दिया। आसपास खोजबीन करने के बाद मकान का सामन नहीं मिलने पर घटना की शिकायत पुलिस में की गई।

**बैठक : कलेक्टर ने स्वास्थ्य एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश**

# डायरिया व अन्य जल जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए करें पुख्ता इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने स्वास्थ्य एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को वर्षा ऋतु के मद्देनजर जिले में डायरिया एवं अन्य जल जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



कलेक्टर चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में जिले में डायरिया उन्मूलन एवं सिकलसेल की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को बुधवार 26 जून से प्रारंभ हो रहे शाला प्रवेश उत्सव के तैयारियों के संबंध में जानकारी ली एवं इसके लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक एवं जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में चन्द्रवाल ने जिले में डायरिया की रोकथाम की प्रभावी उपाय सुनिश्चित हो सके इसके लिए उन्होंने आम जनता को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के अलावा सार्वजनिक शौचालयों की नियमित साफ–सफाई कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा जिले के अस्पतालों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं तथा मितानिनों के पास समुचित मात्र में दवाइयां एवं ओआरएस का पैकेट आदि की पर्याप्त मात्र में उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जिले में डायरिया उन्मूलन हेतु किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने 01 जुलाई से 31 अगस्त तक चलाए जा रहे डायरिया उन्मूलन अभियान के अंतर्गत किए जाने वाले विभिन्न क्रियाकलापों के संबंध में भी जानकारी ली। चन्द्रवाल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को डायरिया के नियंत्रण हेतु व्यापक प्रचार–प्रसार करने के निर्देश भी दिए। इसके अंतर्गत उन्होंने आम जनता को वर्षा ऋतु के दौरान उबला पानी पीने एवं भोजन के पहले हाथों की साफ–सफाई करने आदि के संबंध में जानकारी देने को कहा।

**चार चरणों में होगा डायरिया उन्मूलन अभियान :** चन्द्रवाल ने कहा कि जिले में डायरिया उन्मूलन अभियान 04 चरणों में संपन्न होगा। इस अभियान में उन्होंने जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से बुधवार 26 जून से प्रारंभ हो रहे शाला प्रवेश उत्सव के तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जिले के सभी शालाओं में शाला प्रवेश उत्सव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### दल्लीराजहरा की समस्याओं के निराकरण की ली जानकारी

बैठक में चन्द्रवाल ने 20 जून को दल्लीराजहरा शहर के व्यवस्थाओं के अवलोकन के दौरान दिए गए निर्देशों पर की गई कार्यवाही के संबंध में एसडीएम रामकुमार सोनकर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी से जानकारी ली। इसके अंतर्गत उन्होंने बस स्टैण्ड में स्ट्रीट लाईट की रोशनी समुचित रूप से पहुँच सके इसके लिए बस स्टैण्ड के घने पेड़ों की छटाई तथा शौचालय निर्माण के कार्य की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने पुराना बाजार में संचालित पुरानी सब्जी मण्डी को पुनः प्रारंभ करने तथा वीर नारायण सिंह चौक से शहीद अस्पताल मार्ग के डामरीकरण के अपूर्ण कार्य को पूरा कराने हेतु की जा रही कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को इन सभी कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने समय–सीमा की लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने जिले में नीट एवं शिक्षक पात्रता परीक्षा के सफलतापूर्वक आयोजन की सराहना की।

# पण्डेल को बनाएं ग्राम पंचायत ग्रामीणों ने की मांग



**बालोद।** जिले में वनांचल क्षेत्र डौंडी ब्लॉक के ग्राम पण्डेल को ग्राम पंचायत का दर्जा देने की मांग को लेकर ग्राम पण्डेल के ग्राम पटेल सहित दर्जन भर ग्रामीण जनदर्शन में ज्ञापन सौंप कर पण्डेल को ग्राम पंचायत घोषित करने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में ग्राम पण्डेल ग्राम पंचायत धोबनी (ब) का आश्रित ग्राम है। यहां के ग्रामीणों को छोटे–छोटे शासकीय, पंचायत के कार्यों के लिये धोबनी (ब) आना–जाना करना पड़ता है, जिसके कारण पण्डेल के ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में ग्राम (पण्डेल) की जनसंख्या 1000 से अधिक है। ग्रामीणों ने ग्राम पण्डेल को ग्राम पंचायत का दर्जा देने की मांग किए हैं।

# जिला मुख्यालय में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने की मांग



**बालोद।** स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का जिला मुख्यालय में निर्माण कराए जाने के लिए जिला अध्यक्ष भाजपा पवन साहू को विभिन्न खेल संगठन द्वारा ज्ञापन सौंप कर बालोद में ही निर्माण करने की मांग की गई, ताकि बालोद और वनांचल के आदिवासी खिलाड़ियों को उपयुक्त सुविधा मिल सके। बालोद के खिलाड़ियों एवं खेल प्रशिक्षकों की काफ़ी लंबे समय से स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने की मांग थी। इस अवसर पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा तोमन साहू, खेल संगठन से नरेंद्र साहू, किशोर योगी, अजय यादव, तोरण सिंह, चंद्रभान निषाद, दयावंत साहू, रवि निर्मलकर तथा अन्य खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले वाहन चालकों पर हो कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- छत्तीसगढ़ ड्राइवर एकता संगठन ने कलेक्टर से की मांग, सौंपा ज्ञापन



बिना लाइसेंस वाहन चालकों, नाबालिग चालकों, व अन्य चालकों जो नियमों की धज्जियां उड़ाकर वाहन चलाते हैं, उन पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग करते हुए आदर्श वाहन चालक संघ ने कलेक्टर को आवेदन पत्र सौंपा है।

संघ ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि छत्तीसगढ़ ड्राइवर एकता संगठन शासन प्रशासन के सहयोग से समाज सेवा एवं ड्राइवरों के हित के लिए विगत पाँच वर्षों से कार्य कर रहा है। जिसके कारण दुर्घटनाओं में कमी आई है, परन्तु आज परिस्थितियाँ ऐसी बनी हुई है कि नए एवं बाहर से आये हुए ड्राइवर संस्था के निर्देशों और नियमों के अनुसार मार्ग में वाहन नहीं चलाते। इन्हें समझाने में हमें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और कई ऐसे ड्राइवर भी है जो बिना लाइसेंस के गाड़ी चला रहे हैं, कई ऐसे नाबालिगों को भी गाड़ी चलाते देखा जा रहा है, कई ऐसे अशिक्षित ड्राइवर शराब का सेवन करके गाड़ी चला रहे हैं। कोई नींद में वाहन चलाना, लापरवाही पूर्वक वाहन चलाना, यातायात नियमों का पालन न करके वाहन चलाना जैसी स्थितियां सामने आ रही है। आपको बता दें कि जिले में बीते कुछ सालों से सड़क दुर्घटनाओं के मामले बढ़ते क्रम पर है। कई बार नाबलिग वाहन चालकों की लापरवाही के कारण भीषण सड़क हादसे होते हैं, तो वहीं अधिकांश हादसे ड्राइवरों द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने के कारण होता है। ऐसे दुर्घटनाओं को रोकने ड्राइवर संघ द्वारा भी पहल करने की जरूरत है।

**ड्रेस कोड और आईडी कार्ड हो अनिवार्य :** अधिकांश ड्राइवरों के पास ड्रेस, आई.डी. कार्ड नहीं होने के कारण समय पर उनकी पहचान नहीं हो पाती है। इसलिए संस्था द्वारा ड्राइवर भाईयों का आधार कार्ड और लाइसेंस का फोटोकापी एवं फोटो जमा करके उनको ड्रेस और आईडी कार्ड दिया जाता है। संस्था लगातार जगह–जगह पर ड्राइवर जोड़ो व सड़क सुरक्षा अभियान के तहत कैम्प लगाकर ड्राइवरों को समझाइश देती है, ताकि दुर्घटना एवं मृत्यु दर कम हो सके एवं ट्रैफिक नियमों का पालन हो सके। विषम परिस्थियों में दुर्घटना की स्थिति में पुलिस प्रशासन को तत्काल सूचना दे सकें, ताकि समय पर सहायता पहुँच सके। संघ ने आवेदन सौंपते हुए कहा कि सभी प्रकार के वाहन चालकों को संस्था में जोड़ने एवं संस्था के द्वारा निर्धारित वर्दी एवं परिचय पत्र अनिवार्य करने के लिए हमारी संस्था को जिला प्रशासन के सहयोग की आवश्यकता है।

# जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में की जा रही सिकलसेल की निःशुल्क जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

भारत शासन के निर्देशानुसार जिले में सिकलसेल उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन 19 जून से 15 नवंबर 2024 तक सतत रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिले के आम नागरिकों का सिकलसेल की स्क्रीनिंग एवं जन–जागरूकता शिविरों का आयोजन कर प्रचार–प्रसार तथा काउंसलिंग की जा रही है।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास मेनका चन्द्राकर ने बताया कि जिले 19 जून से अब तक 234 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्रों एवं अन्य स्थानों में जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया जा चुका है। जिसके अंतर्गत शिविरों में कुल 7971 नागरिकों का सिकल सेल की जाँच करने के साथ 4299 नागरिकों का स्क्रीनिंग एवं काउंसिलिंग की गई है।

उन्होंने बताया कि जिले में 15 नवंबर 2024 तक आदिवासी विकास विभाग के अधीनस्थ 70 छात्रवास एवं 17 आश्रमों तथा आदिवासी विकासखंड मुख्यालय में संचालित संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डौंडी में प्रवेशित शत प्रतिशत बच्चों का सिकलसेल जाँच की जाएगी। इसके साथ ही समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं शिक्षा विभाग द्वारा संचालित समस्त शालाओं में भी सिकलसेल जनजागरूकता, प्रचार–प्रसार तथा काउंसिलिंग का कार्यक्रम किया जाएगा। जिले में निवासरत समस्त नागरिक अपने निकटस्थ आयोजित शिविर बालोद जिले के 06 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र क्रमशः डौंडी, डौंडीलोहारा, देवरी, गुण्डरदेही, अर्जुन्दा एवं गुरूर तथा 30 उपस्वास्थ्य केन्द्रों जगनाथपुर सांकरा, करहीभदर, लाटाबोड, पीपरछेडी, आमाडुला, दल्लीराजहरा चिखलाकसा, घोटिया, सुरडोंगर, अरजपुरी, भवरमरा, दुप्चेरा, मंगचुवा, नांहदा, पिनकापार, संजारी, सुरेगांव, बेलौदी, भरदाकला, गुरेवा, कलंगपुर, खुरसुनी, कुरदी, माहुद बी, रंनचिरई, सांकरी, सिरसिदा, अरमरीकला, बोरदा, पलारी एवं पुरूर में उपस्थित होकर सिकलसेल का निःशुल्क जांच करा कर स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं।

**पेज 9 का शेष**

### अवैध व्यवसाइयों को ...

पटल में रखकर क्रमशः सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को जानकारी साधारण सभा के सम्मुख प्रस्तुत करने कहा, जिसका सभी ने स्वागत किया। उक्त बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष डौंडीलोहारा जागृत सोनकर, उपाध्यक्ष पोषण बनपेला, जनपद सदस्य केजू राम सोनबोईर, पुनिया बाई दीपिका देशलहरे, टेमन लाल देशमुख, संतोषी बाई, राजेश्वरी ठाकुर, फिरंता उइके, खगेश ठाकुर, जानकी बाई बांसुरिया, माधव गिरी गोस्वामी, बेणु बाई मालेकर, शकुन साहू, लक्ष्मी भोयर, राजाराम तारम, हेम कुमार रावटे, पुष्पा मंडावी, खिलेश्वरी मंडावी, जागेश्वर ठाकुर, बेदकुंवर नेताम, सुकून साहू, राजेश साहू प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

# संयुक्त जिला कार्यालय में तीन नए कानूनों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



देश में 01 जुलाई 2024 से प्रभावशील हो रहे तीन नये कानून के संबंध में संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित कार्यशाला में कानून के उद्देश्य इसके नवीन प्रावधानों आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

इस दौरान कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, एडीशनल एसपी अशोक जोशी द्वारा देश में 01 जुलाई से लागू हो रहे भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के उद्देश्य तीनों नए कानूनों की मूल भावना इसके महत्वपूर्ण नवीन प्रावधानों आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों के अलावा कार्यालय प्रमुख एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर चन्द्रवाल ने आगामी 01 जुलाई से देश में लागू होने जा रहे तीनों नए कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि हमारे सभी अधिकारी–कर्मचारियों को इन तीनों नए कानूनों की भलि–भाँति ज्ञान होना चाहिए। जिससे कि वे आम जनता को इसकी समुचित जानकारी प्रदान कर सके।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने तीनों नए कानूनों के प्रावधानों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम सभी अधिकारी–कर्मचारियों को देश में 01 जुलाई से लागू होने जा रहे तीनों महत्वपूर्ण कानूनों का ज्ञान होना चाहिए। जिससे कि आम जनता तक इन तीनों नए कानूनों की समुचित जानकारी पहुँच सके।

### अंग्रेजों ने हमें न्याय देने नहीं, केवल दंड देने के लिए बनाए थे कानून

इस अवसर पर एडीशनल एसपी अशोक जोशी ने तीनों नए कानूनों के उद्देश्य, अवधारणा एवं इसके महत्व तथा नवीन प्रावधानों के संबंध में जानकारियां दी। उन्होंने इन तीनों कानूनों की मूल भावना की जानकारी देते हुए कहा कि अंग्रेजी शासन काल में लागू हमारे देश के बहुत से कानून का निर्माण केवल दण्ड देने के उद्देश्य से किया गया था। उनका उद्देश्य नागरिकों को न्याय देना नहीं था। जोशी ने नए कानूनों के प्रावधानों के अंतर्गत नागरिकों के मानवाधिकार एवं महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित करने, जटिल प्रक्रियाओं की सरलीकरण से आपराधिक न्याय प्रणाली को सुगम एवं सुलभ बनाने, जेलों और सुधार गृह में भीड़ कम करने, प्रौद्योगिकी एवं फॉरेंसिक जाँच की गुणवत्ता में सुधार लाने आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

# शासन के पेंशन संबंधी नए आदेश से संविलियन प्राप्त शिक्षकों में आक्रोश


**बालोद।** शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे और जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया कि वित्त विभाग छ.ग शासन द्वारा जारी आदेश में संविलियन प्राप्त शिक्षकों पुरानी पेंशन व समस्त हितलाभ संविलियन वर्ष से दिए जाने की बात कही है, साथ ही सेवानिवृत्ति के समय, संविलियन वर्ष से पुरानी पेंशन लागू तिथि तक के शासकीय अंशदान मयब्याज़ जमा करने पर ही उनको पेंशन अधिकार पत्र दिया जाएगा, ऐसा उल्लेख इस पत्र में किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे समस्त संविलियन प्राप्त शिक्षकों में आक्रोश है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि इस आदेश से समस्त संविलियन प्राप्त शिक्षकों की वर्षों की सेवा शून्य हो रही है। 2012 से पेंशन के योग्य मानकर हमारी पेंशन की कटौती भी की जा रही थी, उसे भी धता बताते हुए 2018 से पुरानी पेंशन का लाभ देने की बात कही गई है, जो कि प्रदेश के 2 लाख संविलियन प्राप्त शिक्षकों के साथ अन्याय है। संघ ने शासन से मांग की है कि आपने ही हमारी पूर्व की सेवा की गणना कर संविलियन की सौगात हमें दी थी, तो पुरानी पेंशन के लिए भी हमारी उसी पूर्व सेवा की गणना करके समस्त हित लाभ प्रदान करे। शालेय शिक्षक संघ ने प्रदेश के समस्त शिक्षक संगठनों से अपील की कि इस मुद्दे पर सभी संगठनों को एकमत होकर एकजुट होकर शासन के समक्ष अपनी मांग रखनी चाहिए।

### पेंशन से वंचित हो जाएंगे हजारों शिक्षक : शर्मा

प्रदेश मीडिया प्रभारी और जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने पुरानी पेंशन योजना से संविलयन प्राप्त शिक्षकों को होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए बताया कि संविलियन वर्ष से पुरानी पेंशन की गणना करने से किसी भी संविलियन प्राप्त शिक्षक को पूर्ण पेंशन नही मिल पायेगा, वही हजारों शिक्षक, न्यूनतम पेंशन हेतु 10 वर्ष की सेवा बाध्यता की वजह से न्यूनतम पेंशन भी नही पा सकेंगे, क्योंकि वे संविलियन वर्ष से गणना करने और उनकी सेवानिवृत्ति होते तक की समयावधि 10 वर्ष से कम है अतः वे किसी भी तरह के पेंशन से वंचित हो रहे हैं।

### युवक पर प्राणघातक हमला, अपराध दर्ज

**भिलाई।** युवक पर प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 307 के तहत कार्रवाई किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि कृष्णानगर अम्बेडकर चौक निवासी प्रवीण गायकवाड पर गणेश चौक के पास प्राण घातक हमला करने की सूचना पेट्रोलिंग टीम को मिली थी। मौके पर पहुची पुलिस ने घायल को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल पहुचाया।




# नंदलाल के परिवार को मिला खुशियों का खजाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- शासन की योजनाओं का मिल रहा लाभ

यह है नंदलाल का परिवार, उनके घर को शासन की योजनाओं ने खुशियां से भर दिया है। बालोद जिले के ग्राम जुंगेरा में निवास करने वाले नंदलाल ने बताया कि वह रोजी–मजदूरी कर जीवन बसर कर रहा है। वह अपनी पत्नी और अपने बेटे के साथ रहता है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत बना यह आवास उसके जीवन में खुशियों का पिटारा लेकर आया है।






उसने बताया कि वह कच्चे मकान में काफी लंबे समय से रहता था। पक्का मकान बनाना उसके लिए एक सपने जैसा था। उस सपने को प्रधानमंत्री आवास योजना पूरा ने किया है। योजना के तहत मिली राशि और स्वयं के द्वारा बचत किए हुए पैसे को मिलाकर उसने अपने सपनों का आशियाना बनाया है, जिसमे वह अब अपने परिवार के साथ रहता है। नंदलाल ने बताया कि आवास बनते ही उसके घर में उसकी बेटी के लिए रिश्ता आया और इसी वर्ष उसने अपनी बेटी की पारंपरिक रितिरिवाज से विवाह किया है। आवास बनने से उसके घर में आए मेहमानों के रुकने के लिए अच्छी व्यवस्था हो गई है।

### घर में ही मिल रहा नल से पानी

नंदलाल की पत्नी देवकुंवर ने बताया कि उनके घर में जल जीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन लगाया गया है। जिससे प्रतिदिन सुबह और शाम भरपूर मात्र में पानी आता है, इससे अब उन्हें पेयजल और निस्तारी के लिए पर्याप्त पानी मिल रहा है।

पहले वह सिर्फ पेयजल के लिए ही घर से दूर कुंए से पानी लाती थी, जिससे उसे समस्याएं होती थी। लेकिन जल जीवन मिशन के तहत अब घर में ही पानी की सुविधा मिलने से वह काफी खुश है। देवकुंवर ने बताया कि उसे शासन की महतारी वंदन योजना का लाभ भी प्रतिमाह मिल रहा है, जिससे वह घर के छोटे छोटे खर्च स्वयं वहन कर लेती है। नंदलाल का बेटा ललेश्वर कुमार अभी कालेज में पढ़ रहा है। उसने बताया कि शासन की योजनाओं से उनका परिवार काफी खुश है।



## खबर संक्षेप



### महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर दी श्रद्धांजलि

दुर्ग। केंद्रीय गोंड़ महासभा धमधा गढ़ द्वारा गोंडवाना की महान वीरांगना महारानी दुर्गावती के बलिदान पर सिविल लाइन दुर्ग में महारानी दुर्गावती की प्रतिमा की पूजा-अर्चना कर माल्यर्पण किया गया। पूरा माहौल महारानी दुर्गावती अमर रहें के नारों से गूंज गया। इस अवसर पर एमडी श्री ठाकुर ने महारानी दुर्गावती के जीवन पर प्रकाश डाला। समाज के लोगों ने 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर सीताराम ठाकुर, पन्नालाल नेताम, चुरामन कतलम, पार्षद महेश्वरी ठाकुर, ममता, पूर्णिमा, गीतेश्वरी, फेरुराम, राजेंद्र, गोल्डी, छात्र-छात्राएं व समाज के लोग उपस्थित रहे।

### स्काउट-गाइड के बच्चों ने किया योग



दुर्ग। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित रविशंकर स्टेडियम मे 10वें योग दिवस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा विधायक गजेन्द्र यादव विधायक, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, संभागायुक्त सत्यनायायण राठौर, आई.जी. आरजी गर्ग, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के साथ विभिन्न स्कूलों से आए 130 स्काउट-गाइड के बच्चो ने योग किया। पतंजलि योगपीठ के जयंत भारती और पंकज शर्मा के दिशा निर्देशन में योग कार्यक्रम मे स्काउटर गाइडर की सहभागिता रही। भारत स्काउट -गाइड के बच्चों ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और विधायक गजेन्द्र यादव को सेल्युट कर सम्मानित किया।

### 27 को जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर

दुर्ग। जिले के धमधा ब्लाक के ग्राम लिटिया में गुरुवार 27 जून को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस शिविर में समस्त विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों को उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है। शिविर शासकीय हाई स्कूल भवन लिटिया में पूर्वाह्न 10.30 बजे से प्रारंभ होगी।

### परिवीक्षाधीन अधिकारी कर रहे अभ्यास

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले में पदस्थ भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारी एम भार्गव भाप्रसे सहायक कलेक्टर दुर्ग को जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई जिला दुर्ग के साथ संलग्न किया गया है। मिली जानकारी अनुसार सहायक कलेक्टर श्री भार्गव भाप्रसे को 24 जून से 30 जून तक आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई, 18 जून को प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख शाखा दुर्ग के साथ, 19 जून को जिला कोषालय अधिकारी, 20 एवं 21 जून को प्रभारी अधिकारी वित्त शाखा दुर्ग के साथ प्रशिक्षण अभ्यास हेतु संलग्न किया गया था।

### अव्यवस्था : जिम्मेदारों की लापरवाही से नगर में जगह-जगह पसरी गंदगी

# ओडीएफ व स्वच्छता के लिए सम्मानित नगर पंचायत में बजबजा रहीं नालियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

- नालियों की शीघ्र सफाई नहीं की गई, तो बारिश में बढ़ जाएगी समस्या

कभी स्वच्छता के नाम पर तो कभी ओडीएफ के नाम पर पुरस्कार पाकर वाहवाही लूटने वाली नगर पंचायत गुण्डरदेही आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। नगर के अंदरुनी सभी वार्डों की छोटी बड़ी नालियां कचरे से जाम पड़ी हुई हैं। सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। सफाई के प्रति उदासीन रवैये के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारत को स्वच्छ बनाने का सपना गर्त में जा रहा है।







नगर के विभिन्न वार्डों में नालियां बजबजा रही हैं और कचरे गलियों में बिखरे पड़े हैं। इसके कारण वार्डवासियों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में सफाई के प्रति उदासीन रवैये के कारण नगर को स्वच्छ बनाने का सपना गुण्डरदेही नगर पंचायत में साकार होता नहीं दिख रहा है। नगर की सफाई सिर्फ कागजों तक सिमट कर रह गई है। जबकि बरसात के पहले सभी नाली व कचरे की सफाई करनी थी, लेकिन अभी तक नहीं हुई है। जहां सफाई होती भी है, वहां सफाई कर्मी नालियों की सफाई के नाम पर नालियों का सारा गीला मलबा निकाल कर सड़क पर ही रख देते हैं। उसके बाद बारिश होने पर नाली से निकला कचरा फिर नाली में समा जाता है। इससे ऐसा लगता है कि नगर के जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधि वार्ड में झांकने तक नहीं जाते।

#### भारी-भरकम खर्च के बाद भी स्थिति गंभीर

नगर पंचायत द्वारा नगर को साफ–सुथरा रखने हर माह हजारों रूपए खर्च किए जाते हैं। भारी भरकम राशि खर्च करने के बाद भी नगर में गंदगी का आलम है। नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी द्वारा केवल मुख्य सड़कों की सफाई कर खानापूर्ति कर दी जाती है। वहीं, नगर के विभिन्न वार्डों के नालियों व चौराहों पर कचरे का अंबार लगा है। वार्ड 5, 12 व 13 रेस्ट हाऊस के पीछे बने नालियों में घास–फूस उग गए हैं, जिनकी अब तक सफाई नहीं की गई है, यही हाल अन्य वार्डों का भी है।

# दोपहिया चालकों को भेंट किया गया हेलमेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

समाजसेवी और व्यवसायी डालचंद जैन ने अपनी पोती क्रिस्पी जैन के पांचवें जन्मदिन पर राहगीरों को हेलमेट का तोहफा दिया। दोपहिया चालकों को हेलमेट लगाने और यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने की खास–पहल उन्होंने की। यह पहल सुरेगांव थाना के सभी मुख्य मार्ग पर आयोजित किया गया। जहां समाज सेवी डालचंद जैन ने 15 लोगों को हेलमेट वितरण किया।

इस कार्यक्रम में सुरेगांव थाना प्रभारी इंदिरा वैष्णव, पिता किशोर जैन, माता प्रणिका जैन, आरक्षक विकास साहू, बलदेव महावीर, संकेश्वर श्रीवास, रूपसिंह रावटे, किसन पटेल शामिल हुए। जिन्हें हेलमेट भेंट किया गया, उन्होंने क्रिस्पी के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

#### गांव के एक व्यक्ति की हुई थी मौत

डालचंद जैन ने बताया कि अक्सर लोग हेलमेट नहीं पहनते हैं, कई बार लेकिन जब दुर्घटना होती है तो उनकी मौत तक हो जाती है, हाल ही में ग्राम घीना के एक राजमिस्त्री की परसवानी में सड़क हादसे में मौत हो गई थी। ऐसे और भी कई हादसे बालोद जिले में होते आए हैं जिसमें अक्सर बाइक चालकों की मौत हो जाती है। इसके पीछे मूल कारण हेलमेट न पहनना भी होता है। अगर बाइक चालक हेलमेट पहने हो तो जान बचने की संभावना बढ़ जाती हैं। इसलिए उन्होंने सोचा कि अपने पोती के जन्मदिन को कुछ खास किया जाए और उन्होंने सुरेगांव थाना के समीप रहागीरों को हेलमेट बांटकर उन्हें इसे नियमित पहनने के लिए प्रेरित किया, ताकि सड़क हादसे कम हो। उन्होंने बताया लोगों की जान बचाने के इरादे से हेलमेट बांटने का निर्णय लिया। 15 लोगों को जो हेलमेट बांटे गए हैं। उन्होंने सभी को हेलमेट पहनने और यातायात के नियमों का पालन करने की अपील भी की।

# अपनी कॉलोनी को सुंदर व हराभरा बनाने सुभाष नगर के लोग कर रहे पौधारोपण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

सुभाष नगर कालोनी गुरूर में कालोनीवासी अपनी कालोनी को सुंदर, हरियाली से भरपूर बनाने व पर्यावरण सुरक्षा के लिए के अपने घरों के पास, कालोनी के प्रवेश द्वार से प्रमुख गलियों में पौधे लगा रहे हैं। यह पूरी कालोनी का सामुहिक प्रयास है। कालोनीवासी पौधों को गोद लेकर उसे खाद-पानी देने व सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी भी ले रहे हैं। अभियान के तहत फूलदार, कम ऊंचाई के छायादार, आकर्षक पौधे लगाए जा रहे हैं। इस अभियान में डॉ अनिल सिन्हा, दुष्यंत कुमार साहू, शेष लाल साहू, खम्हन लाल ग्वाल, वेदप्रकाश बघेल, हंसराम साहू, डामन लाल साहू, राकेश साहू, नंद कुमार साहू, देवेन्द्र कुमार साहू, लोकेश साहू, ब्रिज लाल यादव, दीपक राठी, वेदप्रकाश राजपूत, हेमराज साहू, गायत्री साहू, प्रभा सिन्हा, डा पेमिन साहू, अंजू राजपूत, रेणुका बघेल, हेमलता साहू, इंद्रौतिन ठाकुर का सराहनीय योगदान प्राप्त हो रहा है।

# राष्ट्रीय शिविर में शामिल होने पचमढ़ी रवाना हुए दुधली के स्काउट-गाइड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

दुधली के स्काउट गाइड पचमढ़ी में आयोजित शिविर में राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव, जिला मुख्य आयुक्त पीसी मरकले, जिला सचिव केएल गजेन्द्र, डीओसी प्रेमलता चंद्राकर के निर्देशन में पचमढ़ी के लिए रवाना हुए। राष्ट्रीय साहसिक संस्थान में पर्वतारोहण, व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर का आयोजन 26 जून से 30 जून तक आयोजित है। उक्त शिविर में साहसिक गतिविधि में रोप क्लाइंबिंग, पैरा ग्लाइडिंग, ट्रेकिंग कर विभिन्न स्थलों का अध्ययन करेंगे। शिविर में सम्मिलित होने के लिए दुधली से स्काउट राजवीर भट्ट, चंदन कुमार देशमुख, गाइड यशिका साहू प्रभारी स्काउट मास्टर मिलन सिंह सिन्हा के साथ बालोद रेल्वे स्टेशन से 25 जून को रवाना हुए। सभी स्काउट गाइड प्रभारी को प्राचार्य दुर्गेश नंदिनी यादव तथा समस्त स्टाफ व पालक ने शुभकामनाएं दीं।

### राष्ट्रीय साहसिक संस्थान पचमढ़ी के लिए रवाना हुए स्काउट-गाइड



डोंडी। राष्ट्रीय साहसिक संस्थान पचमढ़ी में पर्वतारोहण, व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर का आयोजन 26 से 30 जून तक किया जाएगा। शिविर में सम्मिलित होने के लिए डौंडी ब्लॉक से सेजेस डौंडी, कुआगोंदी, सुरडोंगर, खैरवही, बालक डौंडी विद्यालय से 2 गाइड चमेली और महिमा तथा 5 स्काउट गौरव, तुषार, खिल प्रसाद, रेमन और सुनील शामिल होंगे। सभी स्काउट-गाइड प्रभारी तनुजा बंजारे के साथ सलहईटोला रेलवे स्टेशन से 25 जून को रवाना हुए। सभी बच्चों एवं प्रभारी को विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेएस भारद्वाज ने बिस्किट एवं पानी बॉटल देकर रवाना किया। इस दौरान विकासखण्ड सचिव सेवाराम प्रेमन, एवं पालक रेलवे स्टेशन में उपस्थित थे। सभी को प्राचार्य एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दीं।

# नवागांव (डू) में मनाया गया शहीद रत्तीराम सिन्हा का शहादत दिवस



गुण्डरदेही। अमर शहीद जवान रत्तीराम सिन्हा के गृहग्राम नवागांव (डू) में 25 जून को शहादत दिवस मनाया गया। इसी दिन रत्तीराम सिन्हा देश की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। कार्यक्रम में गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद शामिल होकर शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। विधायक ने सभा में कहा कि शहीद रत्तीराम पर सभी को गर्व है। कम उम्र में ही देश की सेवा करने और इस मिट्टी पर मर मिटने का सौभाग्य बहुत कम लोगों को मिलता है।

# अकड़ने लगा बच्चे का शरीर माता-पिता ने मांगी सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- कलेक्टर जनदर्शन में सौंपा आवेदन

ढाई साल के बच्चे का शरीर अचानक अकड़ने लगा है और वह बोल भी नहीं पा रहा है। बच्चे के माता पिता आर्थिक रूप से इतना कमजोर हैं कि बच्चे का इलाज भी नहीं करा पा रहे हैं, ऐसे में बच्चे के माता पिता बच्चे को लेकर मंगलवार को कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में पहुंचे, जहां उन्होंने बच्चे के ईलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग की।



जानकारी में अनुसार जिले के डौंडीलोहारा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम संजारी निवासी योगेश गौतम का ढाई साल का बेटा निशांत गौतम शारीरिक रूप से काफी कमजोर हो गया है। बच्चे की माता ममता गौतम ने बताया कि बच्चे की ऐसी स्थिति पहले नहीं थी, जब वह डेढ़ साल के ऊपर हुआ तब ऐसी स्थिति हुई है। बच्चे के माता पिता ने कहा कि रोजी मजदूरी करके बहुत मुश्किल से गुजारा होता है, ऐसे स्थिति में बच्चे का इलाज कराना संभव नहीं है, जिसके कारण शासन प्रशासन से बच्चे की ईलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग कर रहे हैं।

# ब्रम्हाकुमारी विवि में मनाई गई मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती की 59 वीं पुण्यतिथि





बालोद। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन अमापारा बालोद में 24 जून को संस्था की मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती की 59 वीं पुण्य स्मृति दिवस मनाई गई। इस अवसर पर सभी ब्रह्मा वत्सो ने माल्यार्पण अर्पित कर श्रध्दा सुमन अर्पित किये। बालोद संचालिका ब्रह्माकुमारी विजयलक्ष्मी दीदी ने मातेश्वरी के जीवन से संबंधित संस्मरण सुनाते हुए कहा कि मम्मा 16 वर्ष की उम्र में समर्पित हुई। वह एक कन्या थी, लेकिन सब उनको मम्मा, मां कहते थे। वे करूणा एवं वात्सल्य की प्रतिमूर्ति थी, कम उम्र के होते हुए भी यज्ञवत्सो को मां की तरह पालना देकर ज्ञान, गुण और शक्तियों से परिपूर्ण बनाया, इसलिए मम्मा को जगदम्बा सरस्वती भी कहते थे। मम्मा हमेशा कहा करती थी हर घड़ी अंतिम घड़ी है, इसलिए सदा श्रेष्ठ कर्म करना है, एक बार की हुई गलती कभी दोहराना नहीं है, इस तरह शिक्षा सावधानी देती थी। श्रध्दांजलि कार्यक्रम में बालोद, पाररास के साथ आस–पास के 25 गांव से लगभग 300 भाई–बहन उपस्थित थे।




### ग्राम भैंसबोड़ में हुआ शपथ ग्रहण समारोह

# डौंडीलोहारा ब्लाक देवांगन समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

ब्लॉक देवांगन समाज डौंडीलोहारा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण ग्राम भैंसबोड़ के स्थानीय दुर्गा मंदिर प्रांगण में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केदार देवांगन अध्यक्ष जिला देवांगन समाज बालोद थे, अध्यक्षता बेनीराम देवांगन निवृत्तमान अध्यक्ष ने की। विशिष्ट अतिथि बी.एल.देवांगन, वेद लाल देवांगन, सुरेंद्र देवांगन, पंचूराम देवांगन, टिकेंद्री ठाकुर सरपंच भैंसबोड़, घनाराम ठाकुर, टहल सिंह देवांगन एवं किशन देवांगन थे।



कार्यक्रम की शुरुआत मां परमेश्वरी की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। उसके बाद मुख्य अतिथि केदार देवांगन ने सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। राजेंद्र कुमार देवांगन डौडीलोहारा ने अध्यक्ष, रमेश कुमार देवांगन कोरगुडा ने सचिव, पंचराम देवांगन एवं शशि कला देवांगन भैंसबोड़ ने उपाध्यक्ष, धंजू देवांगन संबलपुर कोषाध्यक्ष, भगवंत देवांगन डौंडीलोहारा एवं देवाचंद देवांगन डेंगरापार ने सह सचिव के रूप में शपथ ली। इसी तरह ब्लॉक महिला देवांगन समाज से मुक्ता देवांगन डौडी लोहारा ने अध्यक्ष, कौशल्या देवांगन ने सचिव एवं युवा देवांगन समाज के अध्यक्ष के रूप में सेवन्त देवांगन खैरीडीह ने शपथ ली।

#### सामाजिक भवन निर्माण के लिए दी सहयोग राशि

इस कार्यक्रम में निवृत्तमान पदाधिकारी एवं सम्मानित अतिथियों का ब्लॉक देवांगन समाज डौडी लोहारा द्वारा सम्मान किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में समाज को संगठित करने एवं एकता के सूत्र में बांधने की बात कही। ब्लॉक देवांगन समाज के लिए आवंटित भूमि ग्राम पंचायत बटेरा में भवन निर्माण के लिए प्रदेश कोषाध्यक्ष वेदलाल देवांगन, स्व राम बिहारी देवांगन एवं स्वर्गीय बिरझा बाई देवांगन की स्मृति में राजेंद्र कुमार देवांगन नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष डौंडीलोहारा तथा निवृत्तमान अध्यक्ष बेनीराम देवांगन ने 11-11 हजार रूपए सहयोग देने की घोषणा की। कार्यक्रम में रोहित कुमार, टेक राम, नरेंद्र कुमार देवांगन, कबिलास, देवव्रत, घनाराम, रमेश कुमार, लक्ष्मी नारायण भूषण, विष्णु देवांगन सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन भूषण तथा आभार प्रदर्शन भगवंत देवांगन ने किया।

